# દ્વિતીય લેખિત કસોટી : એપ્રિલ-૨૦૧૮

તારીખ : ૧૩/૦૪/૨૦૧૮ | ધોરણ-૬ | સમય : ૮:૦૦ થી ૧૧:૦૦
વાર : શુક્રવાર | વિષય : હિન્દી | કુલ ગુણ : ૮૦

વિદ્યાર્થીનું નામ : ______________________ બેઠક નંબર : ______

સૂચના : (1) પ્રશ્નોના જવાબ અલગ ઉત્તરવહીમાં લખવાના રહેશે.

प्रश्न-१ (अ) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए। (किन्ही तीन प्रश्न) (3)

(१) नेपोलियन की बहन का नाम क्या था ?

(A) कौमुदी (B) इलाइजा (C) राधा (D) ईरानी

(२) 'जय जवान-जय किसान' ...... यह एक __________ है ।

(A) वाक्य (B) पंक्ति (C) कहावत (D) नारा

(३) 'यह भी एक परीक्षा' पाठ का प्रकार क्या है ।

(A) कहानी (B) एकांकी (C) उपन्यास (D) निबंध

(ब) सही वाक्यांश चुनकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए । (2)

(१) राज्य सरकार ने भी एक सूत्र घोषित किया था .......

(अ) जो पुस्तक के मित्र, वो मेरे भी मित्र ।

(ब) जो पुस्तक के मित्र, वो सभी के मित्र ।

(क) जो पुस्तक के मित्र, वो ज्ञान के मित्र ।

(२) समय के साथ चलकर ......

(अ) पैसे प्राप्त कर सकते है ।

(ब) दुनिया में यश पाएँगे ।

(क) दान प्राप्त कर सकते हैं ।

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यमें लिखिए । (किन्ही छः) (6)

(१) नेपोलियन कैसा इन्सान था ?

(२) किराएदार मकान मालिक को किराया क्यों नहीं देता ?

(३) हिन्दी में पत्र-लेखन का पता किस ओर लिखा जाता है ?

Scanned by CamScanner

(४) अली ख्वाजा किसके घर मोहरे रखकर गये थे ?

(५) भिखारी के कटोरे में क्या-क्या था ?

(६) 'आप अपना घडा तहखाने में रख आइए ।' - यह वाक्य कौन बोलता है और किसे कहता है ?

(७) पत्र किस विषय के बारे में लिखा गया है ?

**(ड) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यमें लिखिए । (किन्ही पाँच)** (5)

(१) हमारा मन कैसे पावन बनेगा ?

(२) तुम्हें विज्ञान का कौन-सा आविष्कार सबसे अच्छा लगता है ?

(३) समय और शक्ति की बचत कैसे होती है ?

(४) किस की रचना का अंत नही होना चाहिए ?

(५) हमारे मन में कैसी भावना नहीं होनी चाहिए ?

(६) हम धरती पर सुख-सुविधाएँ कैसे निर्माण करेंगे ?

**प्रश्न-२ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्य में लिखिए । (किन्ही चार)** (8)

(१) नेपोलियन लडकी को अपने घर क्यों ले गया ?

(२) हस्ताक्षर करने के बाद गाँधीजी ने क्या लिखा ?

(३) आपका मनपसंद चुटकला लिखिए ?

(४) पत्र किस विषय के बारे में लिखा गया है ?

(५) अली ख्वाजा और वाजिद के बीच झगडा क्यों हुआ ?

(६) प्रधानाध्यापक ने देवेन्द्र के घर फोन क्यों लगाया ?

**(ब) निम्नलिखित रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए ।** (4)

(१) प्रधानाध्यापक ने __________ के घर फोन लगाया ।

(देवेन्द्रसेन, राजेन्द्र, मानवेन्द्र सेन)

(२) इराक की राजधानी __________ थी । (बगदाद, दिल्ली, काबुल)

(३) अब हमें बुके नहीं पर __________ चाहिए । (बुक, फूल, हार)

(४) __________ जब छोटा लडका था तभी से वह सत्यवादी था ।

(नेपोलियन, देवेन्द्र, वाजिद)

**(क) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ देकर वाक्य प्रयोग कीजिए । (किन्ही दो)** (4)

(१) स्वर्ण-सवेरा लाना

Scanned by CamScanner

(२) पैरों तले जमीन खिसक जाना

(३) नाक में दम करना

(ड) **शब्दकोश के क्रम में लिखिए ।** (2)

परीक्षा, आईना, सपूत, किताब

(इ) **कहावतों के अर्थ देकर वाक्यप्रयोग कीजिए । (किन्ही दो)** (4)

(१) उलटा चोर कोतवाल को डाँटे ।

(२) एक तो करेला ऊपर से नीम चढा ।

(३) कहाँ राजा भोज कहाँ गंगू तेली

**प्रश्न-३ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्योंमें लिखिए । (किन्ही तीन)** (6)

(१) कविता में कैसा जल बहाने की प्रार्थना की गई है ? क्यों ?

(२) आनेवाला कल कैसा होगा ?

(३) किन उपकरणों के माध्यम से संदेशाव्यवहार हो सकता है ?

(४) कम्प्यूटर और इंटरनेट से हमें क्या लाभ हुए हैं ?

(ब) **काव्यपंक्तियाँ पूर्ण कीजिए ।** (4)

इतनी शक्ति ..................................

..............................................

..............................................

............................ कोई भूल हो ना ।

**प्रश्न-४ (अ) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए । (किन्ही दो)** (2)

(१) उपकरण (२) मधुवन (३) अपील

(ब) **निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए । (किन्ही दो)** (2)

(१) आदर (२) जीवन (३) विश्वास

(क) **निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा पहचानकर लिखिए । (किन्ही दो)** (2)

(१) राधा पढने में तेज है ।

(२) हिमालय सबसे ऊँचा पर्वत है ।

(३) नर्मदा गुजरात की जीवादोरी है ।

(ड) **निम्नलिखित वाक्यों मे से सर्वनाम पहचानकर लिखिए । (किन्ही दो)** (2)

(१) मेरा काम पूरा हो गया ।

(२) यह घोडा है ।

(३) वह आदमी जा रहा है ।

Scanned by CamScanner

(इ) **निम्नलिखित वाक्यों मे से विशेषण पहचानकर लिखिए । (किन्ही दो)** (2)

(१) सोनल साहसी बालिका थी ।

(२) भारत ने श्रीलंका को तीन विकेट से हराया ।

(३) यह सुंदर फूल है ।

(ई) **निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए । (किन्ही दो)** (2)

(१) आँख (२) तस्वीर (३) पुस्तक

प्रश्न-५ (अ) **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर आठ-दश वाक्यों में निबंध लिखिए ।** (8)

(१) वसंतऋतु (२) होली (३) पुस्तक का महत्व

(ब) **निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए ।** (6)

जंगल में शेर का सोना – एक चूहे का शेर पर चढकर दौडना – शेर का जागना – चूहे को पकडना – चूहे की प्रार्थना – शेर का चूहे को छोड देना – कुछ दिन बाद शेर का शिकारी के जाल में फँसना – चूहे का जाल काटना – शेर द्वारा चूहे का आभार मानना – शीख ।

**अथवा**

**निम्नलिखित विषय पर पत्र-लेखन कीजिए ।**

प्रवास की अनुमति पाने के लिए पिताजी को पत्र लिखो ।

(क) **निम्नलिखित परिच्छेद को पढकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (तीन प्रश्न)** (6)

दुनिया साहसी लोगों के लिए है । कायर हंमेशा सोचते रहते है और बैठे-बैठे सपना देखा करते है । पर साहसी विजयी हो जाते है । साहस के बिना योग्यता व्यर्थ है ।

आलसी आदमी तो मन के लड्डू ही खाते है । मगर जो कर्मवीर है, वे सफलता प्राप्त कर लेते हैं । कायर भय को देखकर जोश से भर जाता है । साहस के बिना बडा डाल-डाल किस काम का ? दुनिया का इतिहास साहसी पुरुषों और स्त्रियों की कहानियों से भरा पडा है ।

**प्रश्न :**

(१) कायर और साहसी में क्या फर्क है ?

(२) किसके बिना योग्यता व्यर्थ है ?

(३) दुनिया का इतिहास किनकी कहानियों से भरा पड़ा है ?

Scanned by CamScanner